11/12/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री कार्यालय पी एम ओ, नई दिल्ली के कैबिनेट सचिवों ने कल मेचुका अंचल के अंदर राजकीय प्राथमिक विद्यालय, लाह्लुंग का दौरा किया और छात्रों एवं विद्यालय के प्राधिकारियों से बातचीत की। दौरे में अधिकारियों को विद्यालय और लाह्लुंग गांव के लिए कल्याणकारी उपायों की मांग को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा गया।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज तवांग में तीन दिवसीय प्रैक्टिकल करियर काउंसलिंग का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम से सरकार उच्च माध्यमिक विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय और कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं को बेहतर करियर विकल्पो के लिए उपयोगी मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

0000000000000000

अरुणाचल प्रदेश न्यायाधीश संघ के सदस्यों ने कल राज्य के मुख्य सचिव मनिष कुमार गुप्ता से मुलाकात की। संघ ने मुख्य सचिव को अरुणाचल प्रदेश विधिक सेवा प्राधिकरण और संबंधित विषयों को लेकर विस्तृत प्रस्तुति सौंपी। श्री गुप्ता ने कहा कि औपचारिक वार्ता के दौरान साझा किए गए सभी मुद्दों को उन्होंने ध्यानपूर्वक सुना और संज्ञान में ले लिया है।

00000000000000000000

तवांग जिले के ताक्तसांग स्थित नेता सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्‌यालय के छात्रावास में गत गुरुवार की आधी रात को शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। इस दुखद घटना में आग की तीव्रता के कारण कक्षा एक की एक छात्रा की मृत्यु हो गई। घटना के दौरान कक्षा आठ की छात्रा दोरजी क्षोमु और हॉस्टल वार्डन नीमा ल्हामु ने बहादुरी दिखाते हुए कई बच्चों को बचाया। पास के भारतीय सेना के जवानों, गांववासियों स्कूल कर्मचारियों और छात्रावास प्रबंधन ने भी तुरंत सहायता की। तवांग जिला उपायुक्त नामग्याल अंगमों ने घटनास्थल का दौरा किया और घटना की परिस्थितियों की जांच के लिए जेमिथांग के अंचल अधिकारी द्‌वारा मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए। जिला उपायुक्त ने जिले के सभी आवासीय स्कूलों और छात्रावासों का सुरक्षा ऑडिट करने का निर्देश भी जारी किया।

0000000000000000000000

वहीं अपर सियांग जिले में आज एक अन्य आग दुर्घटना में, भारतीय सेना की 5वीं डोगरा रेजिमेंट ने दमकल कर्मियों, पुलिस और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर तुतिंग के जनरल ग्राउंड के पास ओपांग जामोह के घर में लगी आग को तेजी से नियंत्रित किया। बताया गया है कि आग शॉर्ट सर्किट और गैस सिलेंडर में लिकेज के कारण लगी। सेना की त्वरित कार्रवाई से आग को आसपास फैलने से रोका जा सका।

000000000000000000

अंजाव जिले के चकलागम के ऊपरी क्षेत्रों में भारतीय सेना ने एक बड़े खोज एवं बचाव अभियान की शुरुआत की है। यह अभियान तब शुरु किया गया जब तिनसुकिया से बाईस मजदूरों को लेकर जा रहा एक निजी वाहन KM-40 के पास खाई में गिर गया। दुर्घटनास्थल में मेडिकल टीम, पुलिस, एन डी आर एफ, एस डी आर एफ और ग्रेफ के जवानों सहित अनेक रेस्क्यू टिमों को नागरिक प्रशासन के सहयोग से तैनात किया गया है। कठिन भू-भाग के बावजूद सभी व्यक्तियों को बचाने के प्रयास जारी है।

0000000000000000000

दिबांग वैली जिले में आज पंचायत चुनाव दो हजार पच्चीस के लिए तैनात अधिकारियों के लिए पूर्व मतदान शुरु हुआ। चुनावी ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को मुख्य मतदान दिवस से पहले मतदान करने की सुविधा दी गई। चौबीस महिला और सत्तावन पुरुष सहित कुल इक्यासी चुनाव ड्यूटी कर्मियों ने ई डी सी प्रणाली के माध्यम से मतदान किया, जो जिले में मतदान प्रक्रिया की सुचारु और व्यवस्थित शुरुआत को दर्शाता है।

00000000000000000000

पापुमपारे जिला उपायुक्त सह जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायती राज) विशाखा यादव की अध्यक्षता में कल यूपिया में पंचायल राज चुनावों के सुचारु संचालन के लिए पोल डे तैयारी समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में मतदान दलों और सुरक्षा कर्मियों के वाहनों की आवागमन योजना पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया ताकि समय पर और सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित हो सके। जिला उपायुक्त ने मतगणना केंद्रों और स्ट्रॉन्ग रुप की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर विशेष जोर दिया ताकि चुनाव सामग्री की सुरक्षा और अखंडता बनी रहे।

0000000000000000

अरुणाचल प्रदेश की ताइक्वांडो खिलाड़ी रुपा बायोर ने इतिहास रचते हुए विश्व ताइक्वांडो पूमसे दिसंबर दो हजार पच्चीस रैंकिंग में विश्व नंबर - 8 स्थान प्राप्त किया है। ऐसा स्थान हासिल करने वाली वह पहली भारतीय ताइक्वांडो खिलाड़ी बनी है।

000000000000000000

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) - के अंदर भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान उत्तर - पूर्व पर्वतीय क्षेत्र - (IARI NEH) द्वारा दिल्ली में गत 1 से 10 दिसंबर तक "उत्तर - पूर्वी हिमालयी किसानों की आजीविका सुधारने के लिए आधुनिक उपकरण और तकनीक विषय पर आयोजित दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कल संपन्न हुई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में तवांग जिले के कुल 17 किसानों, जिनमे 12 महिलाए शामिल थी, ने आधुनिक कृषि तकनीको का व्यवहारिक अनुभव प्राप्त किया।

000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश में, दोन्यी पोलो हवाई अड्डा, ईटानगर में उड़ाने सामान्य रुप से संचालित हो रही है। कोलकाता की उड़ाने कल से फिर से शुरू होंगी। इस बीच, इंडिगो ने इस महीने की 3, 4 और 5 तारीख को एयरलाइन के ऑपरेशनल दिक्कतों के कारण प्रभावित हुए यात्रियों को ट्रैवल वाउचर के रूप में 10 हज़ार रुपये का मुआवज़ा देने की घोषणा की है। इन वाउचर का इस्तेमाल अगले 12 महीनों में किसी भी भविष्य की इंडिगो यात्रा के लिए किया जा सकता है। एयरलाइन ने कहा कि, सरकारी दिशानिर्देशों के तहत तय मुआवज़े के अलावा, इंडिगो उन पैसेंजर्स को भी 5 हज़ार से 10 हज़ार रुपये अतिरिक्त भुगतान भी करेगी, जिनकी फ्लाइट्स डिपार्चर के 24 घंटे के भीतर रद्द हो गई थीं। यह फ्लाइट के ब्लॉक टाइम पर निर्भर करेगा।

0000000000000000